तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

12 भाजपा मंडल सनौद ने मनाई अंबेडकर जयंती स्वच्छता अभियान ...



11 गोविन्द सिन्हा बने गुण्डरदेही तहसील सिन्हा समाज के ...





## खबर संक्षेप

### युवक करंट की चपेट में आया, इलाज के दौरान मौत

**बालोद।** पोस्टर लगा रहा युवक करंट की चपेट में आ गया, जिसके बाद युवक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर के पुलिस थाना के पास स्थित होर्डिंग में युवक द्वारा पोस्टर लगाने का काम किया जा रहा था, इसी दौरान होर्डिंग के पास से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में युवक आ गया। जिसमें युवक बुरी तरह झुलस गया तथा नीचे आ गिरा, जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक का ईलाज के दौरान मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम महाजीत 30 वर्ष बताया जा रहा है तथा युवक का मूल निवास स्थान मध्यप्रदेश होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। ऐसे में युवक यहां रोजी मजदूरी करने आया था तथा कैसे यह घटना घटित हुई यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जहां युवक के शव को मरच्यूरी में रखा गया है।

### जमीन रजिस्ट्री को लेकर विवाद

**बालोद।** जमीन की रजिस्ट्री करने की बात को लेकर दो लोगो ने एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 332(ब), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ठेमाबुजुर्ग बरबट्टी पारा निवासी तुलसी ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी पत्नी शीला बाई के नाम से लगानी जमीन को 15 वर्ष पूर्व गांव के चेतन सोनवानी के पास 22 हजार रूपयों में बिक्री किया था। जमीन का दुरूस्तीकरण नहीं होने से जमीन का रजिस्ट्री नहीं हो पाया था। उक्त जमीन पर चेतन सोनवानी के द्वारा कास्तकारी करते आ रहा था। शाम चेतन सोनवानी एवं उसका लड़का सूरज सोनवानी मेरे पास घर अंदर आकर मुझे जमीन की रजिस्ट्री कराओ बोलने लगा, तब मैं बोला कि जमीन का दुरूस्तीकरण कराऊंगा तभी जमीन का रजिस्ट्री हो पाएगा, मेरी पत्नी शीला बाई का तबीयत अभी ठीक नहीं है, बोलने पर चेतन सोनवानी एवं उसका लड़का सूरज सोनवानी गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर गमछा से गला को दबा दिया था एवं झुमा झटकी में दाहिने हाथ की कोहनी में चोट आया है।

### कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद

**भिलाई।** कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जामुल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। हाऊसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सुच्चा सिंह उम्र 70 ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल को उनकी कार घर के सामने रोड में पार्क की थी। उनके पड़ोसी संदीप शर्मा अपनी कार से मेरी कार को ठोकर मारा।

### समस्या : जल निकासी व्यवस्था फेल, बस स्टैंड बना तालाब

# नए बस स्टैंड में जलभराव से हालात बदतर, दुकानदार और यात्री परेशान







हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शहर का नया बस स्टैण्ड के पानी निकासी की समस्या दिन ब दिन विकराल रूप लेती जा रही है, नगर पालिका अध्यक्ष व पाशर्दों के आंदोलन के बाद स्थिति पहले से और अधिक खराब हो गई है। शहर का नया बस स्टैण्ड तालाब की तरह लबालब भरते जा रहा है। जिससे दुकान संचालको व वाहन चालको को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

■ गंदगी और बदबू से बढ़ी परेशानी, स्थायी समाधान की मांग

नगर पालिका पदाधिकारियों के धरने के बाद शहर के नए बस स्टैण्ड में जल्द पानी जाम की समस्या से छूटकारा मिलने की उम्मीद जग गई थी, लेकिन नगर पालिका के शासन प्रशासन द्वारा इस ओर कदम उठाए तो जा रहे है लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना कार्य से नगर पालिका द्वारा किया जा रहा प्रयास विफल साबित हो रहा है।



नतीजा यह हो रहा है कि शहर के नए बस स्टैण्ड में दिन ब दिन पानी का स्तर बढ़ते जा रहा है और शहर के नए बस स्टैण्ड में बरसात जैसी स्थिति पुनः निर्मित हो गई है। लेकिन इस बार गंदगी व बदबूदार पानी का जगाव हो रहा है। जहां बस चालक के साथ अन्य छोटे वाहन बस स्टैण्ड में भरे पानी को पार कर जाने को मजबूर है। वहीं छोटे वाहन चालक इस जलभराव के बीच वाहन निकालने के लिए सोचने को मजबूर है।

वही बस स्टैण्ड के आस पास के व्यापारियों की दिक्कते और अधिक बढ़ गई है, जहां लगातार गंदा पानी जाम के कारण बस स्टैण्ड के व्यापारियों को बदबू का भी सामना करना पड़ रहा है तथा पानी भरे होने के कारण दुकानो में ग्राहक नही आने की समस्या से भी दो चार होना पड़ रहा है।

### केबल लाइन भी बार-बार हो रही क्षतिग्रस्त

वही लगातार तोड़फोड़ व पुनः निर्माण का शिकार बस स्टैण्ड के व्यापारी ही नही हो रहे बल्कि जमीन अंदर से गुजरी कई केबल के वायर क्षतिग्रस्त होने से उक्त केबल या नेटवर्क कंपनी के कर्मचारियो को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है और वे तोड़फोड़ व निर्माण के कारण हुए क्षतिग्रस्त केबलो का बार बार मरम्मत करते दिख रहे है।



# ओटेबंद सहकारी बैंक में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



गुण्डरदेही ब्लाक अंतर्गत ओटेबंद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मे मंगलवार की सुबह 9 बजे आग लग गई। यह आग शार्ट सर्किट की वजह बताई जा रही है। अचानक लगी आग से आस पास मे हड़कंप मच गया। आग के कारण बैंक में रखे 3 नग कम्प्यूटर, 3 नग सीपीयू, व फोटोकापी प्रिंटर, पासबुक प्रिंटर, बैंक काउंटर तथा सीसी टीवी कैमरा व वायरिंग जलकर राख हो गया।

■ दमकल की मदद से आग पर पाया गया काबू

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह 9 बजे की है, जहां बैंक के पास में लगे ट्रांसफार्मर में एक बंदर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण ट्रांसफार्मर मे शार्ट सर्किट हो गया, जिसके बाद बैंक अंदर से धुंआ निकलने लगा। आनन-फानन में बैंक के विद्युत सप्लाई को काटा गया। पास के लोगो ने इस घटना की सूचना तत्काल बैंक के मैनेजर आरके यादव, बैंक के प्रतिनिधि व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, धनेश चंद्राकर व थाना गुण्डरदेही को दी, उसके बाद जनप्रतिनिधियो ने आग को बुझाने अग्निशमन विभाग बालोद व दुर्ग को सूचना दी। तत्पश्चात बैंक के कर्मचारी बैंक पहुंचे और मुख्य द्वार खोलकर सभी के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात दुर्ग से दमकल की गाड़ी भी पहुंच तब आग पर काबू पाया गया।

वही गुण्डरदेही टीआई बोरकर, एसडीओपी बांगड़े सर भी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर बैंक अधिकारियो से घटना संबंधित जानकारी ली। इधर बैंक मे आगजनी की सूचना मिलते ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग उपाध्यक्ष नरेश यदु ,जीतू विश्वास गुप्ता, गुमान यादव भी बैंक पहुंचकर मैनेजर यादव से पुरी घटना की जानकारी ली।

बैंक मैनेजर ने बताया कि घटना मे बैंक के 3 नग कम्प्यूटर, 3 नग सीपीयू, व फोटोकापी प्रिंटर व पासबुक प्रिंटर, बैंक काउंटर तथा सीसी टीवी कैमरा व वायरिंग पूर्ण रूप से ▸▸| शेष पेज 10 पर

### कोपेटरा गौठान के पास कटे पेड़ों के अवशेष मिले

# डोंडी क्षेत्र में दिनदहाड़े पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों में दिनदहाड़े फलदार वृक्षों सहित प्रतिबंधित लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन का मामला सामने आया है। ग्राम बम्हनी, धोबनी अ और कोपेटरा सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही इस गतिविधि ने वन एवं राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनी में विशालकाय आम सहित अन्य प्रजाति के वृक्षों को काटकर दो ट्रैक्टरों के माध्यम से लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मोबाइल के माध्यम से तहसीलदार डोंडी को दी। मौके पर ट्रैक्टर में भरी गई लकड़ी के संबंध में पूछताछ किए जाने पर ट्रैक्टर चालक सहित मजदूर मौके से फरार हो गए। स्थल पर लकड़ी के मोटे-मोटे गोले जमीन पर पड़े मिले, जबकि छोटे-छोटे टुकड़ों को काटकर ट्रैक्टर ट्राली में भरा गया था। ट्रैक्टर और ट्राली में नंबर प्लेट नहीं लगी होने से अवैध परिवहन की आशंका और गहरा गई है।

गौरतलब है कि 10 अप्रैल को ग्राम धोबनी अ में भी अर्जुन और कुसुम पेड़ के गोलों से भरी एक मेटाडोर को ग्रामीणों ने सुबह लगभग 10 बजे पकड़ा था। चालक ने ग्रामीणों को बताया था कि लकड़ी डोंडी क्षेत्र से लोड की गई है। दिनदहाड़े प्रतिबंधित लकड़ी का परिवहन किए जाने से क्षेत्र में कई तरह के संदेह उत्पन्न हो रहे हैं।

इसी तरह ग्राम कोपेटरा के गौठान के समीप विभिन्न प्रजाति के पेड़ों को काटकर रखा गया है। मौके पर बिखरी पेड़ों की छाल और आसपास दिखाई दे रहे ठूंठ इस बात का संकेत दे रहे हैं कि यहां पहले भी बड़ी मात्रा में लकड़ी काटकर परिवहन किया जा चुका है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में ट्रैक्टर और मेटाडोर के माध्यम से लगातार लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन इसे रोकने वाला कोई नहीं है।

जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष मुकेश कोडो ने बताया कि आदिवासी अंचल में प्रतिबंधित लकड़ी की तस्करी किए जाने की शिकायत मिली है। उन्होंने वन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ▸▸| शेष पेज 10 पर




### राज्यसभा सांसद फुलों देवी नेताम से की मुलाकात

# दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय की मांग तेज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

नगर में लंबे समय से लंबित केंद्रीय विद्यालय की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा अध्यक्ष कोसमा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पहुंचकर राज्यसभा सांसद फुलों देवी नेताम से मुलाकात की और केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र शुरू कराने के लिए विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

■ वर्षों से अधूरी है नगरवासियों की मांग

नगरवासियों की यह बहुप्रतीक्षित मांग वर्षों से अधूरी है। लगातार आश्वासन के बावजूद विद्यालय शुरू नहीं हो सका, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में निराशा का माहौल बना हुआ है। पूर्व में राज्य स्तर पर प्रयासों के चलते केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन वर्तमान में इसकी प्रक्रिया ठप पड़ी है, जिससे स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ता जा रहा है।



प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के समक्ष स्पष्ट रूप से कहा कि दल्लीराजहरा जैसे औद्योगिक और शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नितांत आवश्यक है। इससे न केवल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, बल्कि शिक्षा के स्तर में व्यापक सुधार भी होगा।

इस दौरान सांसद ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र में इसका लाभ स्थानीय विद्यार्थियों को मिल सके। कोसमा ने कहा कि दल्लीराजहरा की जनता वर्षों से केंद्रीय विद्यालय की मांग कर रही है, लेकिन अब तक केवल वादे ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा सवाल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक विद्यालय शुरू नहीं होता, तब तक जनहित की यह लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से आसपास के ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के बच्चों को भी उच्च स्तर की शिक्षा का अवसर मिलेगा, जिससे पूरे क्षेत्र का शैक्षणिक वातावरण मजबूत होगा।

प्रतिनिधिमंडल में रवि जायसवाल, युवराज साहू, चंद्र प्रकाश सिंह, सुमरित उर्वशा, प्राची सिंहा, अनीता सोनवानी, पावेंद्र कोडप्पा ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों ने संविधान पर रखे विचार

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा विख धमधा में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के साथ ही कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने संविधान पर अपने व्यक्तव्य दिए। जिसमें दिव्याकां वर्मा, गुंजन निर्मलकर, दिव्या वर्मा, भुवन वर्मा, ताम्रज पटेल और शिक्षक संतोष कुमार ने भी संविधान के अनुच्छेद, भाग, मौलिक अधिकार और जीवनी पर विचार रखें। डॉ. भीमराव आंबेडकर के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता परीक्षा का शुभारंभ किया गया। परीक्षा में आंबेडकर की जीवनी, संविधान संबंधित, शिक्षा, समाज में नये विचार, नारी शिक्षा जैसे प्रश्नों का समावेश किया गया, जिससे विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं को समझने में आसानी हो सकें।

### विकास कार्यों के लिए 10.50 लाख की स्वीकृति

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए कुल 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेंद्र यादव द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, भिलाई नगर के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसमें वार्ड क्रमांक 52, स्ट्रीट नंबर 3, सेक्टर 4 स्थित हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 2 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार, वार्ड क्रमांक 69, सेक्टर-9 भिलाई गोल मार्केट में स्ट्रीट लाइट प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। अन्य विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 70 हुडको कॉलोनी से वाय शेप ब्रिज तक लगे खंभों में रोप लाइट लगाने आदि कार्य शामिल हैं।

### बंगाल में मंत्री गजेंद्र कर रहे चुनाव प्रचार

**दुर्ग।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एनडीए की विजय सुनिश्चित करने मंत्री गजेन्द्र यादव इन दिनों बंगाल में सक्रिय रूप से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वे दुबराजपुर, जमुरिया और रानीगंज विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बना रहे हैं। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव गांव-गांव, बाजारों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद कर रहे हैं। उनकी सक्रियता से चुनावी माहौल में तेजी आई है और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। वे विशेष रूप से युवाओं, व्यापारियों एवं महिला समूहों से संवाद कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं। चुनावी प्रचार के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा का जो मॉडल प्रस्तुत किया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इसी तर्ज पर यहां भाजपा सरकार बनाकर बंगाल में भी विकास और सुशासन का नया अध्याय शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा और आम जनता को भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह शासन मिलेगा।

### 2.5 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जामगांव आर पुलिस ने ग्राम बटरेल में राजा तालाब के पास गांजा बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.500 किलोग्राम गांजा और नगदी रकम जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1,26,300 रुपए आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शिव मंदिर के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी ताराचंद देवांगन (52 वर्ष) निवासी ग्राम बटरेल को मौके से गिरफ्तार किया गया।

## आयोजन

### विधायक कार्यालय में अर्पित किए श्रद्धासुमन

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा अध्यक्ष जीवन बंदे के नेतृत्व में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 वें जयंती के अवसर पर विधायक कार्यालय अर्जुंदा में श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं व्यतित्त्व को याद किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की रीति–नीति से प्रभावित होकर वामन साहू टिकरी, तुलेश शर्मा टिकरी, दिनेश्वरी साहू टिकरी, हितेश देशमुख टिकरी, संतोष बोहरा अर्जुन्दा वार्ड 15, योगेश टंडन अर्जुन्दा कांग्रेस परिवार में प्रवेश किया। उन्हें कांग्रेस गमछा एवं पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अर्जुंदा ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेसी राम लाल ठाकुर लासाटोला, बाबूलाल पटेल सनौद, समारु टंडन, ढाल सिंह साहू किया गया।





#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद हरीश चंद्राकर, अध्यक्ष नगर अर्जुंदा राजू पारख, अध्यक्ष तहसील साहू संघ उमाशंकर साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा अनुभव शर्मा, जनपद सदस्य जैताराम ठाकुर, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा अनुभव शर्मा, पार्षद वंदना पारख, पार्षद अजय ठाकुर, पार्षद कोजम दास टंडन, जोन प्रभारी योगेश साहू, कोषाध्यक्ष हरिशंकर साहू, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा शिव कुमारी सिन्हा, टेमन देशमुख, महामंत्री विनय साहू, सागर साहू, टुपेश्वरी कौशल, थलेश्वर कुमार सिन्हा, लोकेश कोर्राम, पकंज बराहेन, उत्तम निषाद, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा दीपेंद्र सेन, कमलेश्वरी यादव, महेंद्र रवि, रमेश साहू, दामिनी चंद्रवंशी, निलेश, सुनील साहू, चंदूलाल कुंभकार, कार्यकारिणी सदस्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा वेद बाई साहू, भोलेश्वर देशमुख, तपेश्वर कौशल, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल रेंगाडबरी ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को सेवा एवं रचनात्मक कार्यों तथा संगोष्ठियों के माध्यम से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी क्रम में भाजपा मंडल रेंगाडबरी द्वारा ग्राम करतुटोला में एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब समाज में असमानता, अस्पृश्यता और भेदभाव चरम पर था। अत्याचार और अनाचार का बोलबाला था, बावजूद इसके उन्होंने कठिन संघर्ष करते हुए शिक्षा प्राप्त की और अपना संपूर्ण जीवन वंचित, पीड़ित एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश को सशक्त दिशा देने हेतु बाबा साहेब ने एक मजबूत एवं समावेशी संविधान का निर्माण किया, जो सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करता है। यह संविधान विश्व के श्रेष्ठतम संविधानों में गिना जाता है। देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि भाजपा सदैव महापुरुषों का सम्मान करती आई है। उन्होंने उल्लेख किया कि बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान वर्ष 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के कार्यकाल में भाजपा के सहयोग से प्रदान किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र की वर्तमान सरकार द्वारा बाबा साहेब से जुड़े प्रमुख स्थलों को "पंच तीर्थ" के रूप में विकसित किया गया है, जो उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। करोड़ों कार्यकर्ता पूरे देश में बाबा साहेब की जयंती को उत्साहपूर्वक मना रहे हैं, जो उनके प्रति कृतज्ञता का भाव दर्शाता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल रेंगाडबरी के अध्यक्ष उत्तरा घनेन्द्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, पूर्व महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य तुकाराम साहू, सुरेश देवांगन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## देवरी मंडल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई

**डौंडीलोहारा।** देवरी मंडल अंतर्गत ग्राम मार्रीबंगला बस स्टैंड स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक पर जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माल्यार्पण, पंचशील वंदना एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न थे। उन्होंने संविधान के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाए और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, उत्तम साहू, ऊर्मिला साहू, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, टुमन लाल साहू, कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा पोषण देवांगन, शिवकुमार धरमगुड़े, जनपद सदस्य दुलारी देवांगन, सरपंच मार्रीबंगला हिना साहू, सरपंच देवरीबंगला डोमेंद्र मंडवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू, खुबलाल साहू, अजय देवांगन सहित समाज प्रमुख देवेंद्र मेश्राम, मनोज लोन्हारे, रामटेके सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



## डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई

**डौंडीलोहारा।** भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र डौंडीलोहारा के तत्वावधान में भारतरत्न, बोधिसत्व डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर डौंडीलोहारा स्थित अंबेडकर चौक एवं बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना, त्रिशरण एवं पंचशील का पाठ किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चों की सहभागिता रही। इस दौरान पुनेश्वर देवांगन राजकुमार रामटेके, बलिराम रामटेके, तारासिंह मेश्राम, बी.एस. बगमरिया, आई.आर. बगमरिया, रमेश गजभिए, बनवाली रंगारी, पन्नालाल मेश्राम, कालूराम मेश्राम, प्रीतम मेश्राम, घासीराम चौहान, संगीता वैदे, सुनीता रामटेके, तोरण बाई सावरकर, पूर्णिमा मेश्राम, डॉ. मेश्राम, गौतम भषगौरी, गुहाराम डोंगरे, संजय वासनिक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आई.आर. बगमरिया ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, सिद्धांत और प्रेरणा हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने बाबा साहब के मूल मंत्र "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" को अपनाने का आह्वान किया। अंत में प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।







## भाजपा का गांव चलो-घर-घर चलो अभियान, योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

भारतीय जनता पार्टी अर्जुन्दा मंडल के तत्वाधान में ग्राम देवरी द में भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष प्रभारी प्रदीप साहू व जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू के मार्गदर्शन में गांव चलो घर घर चलो अभियान के तहत लाभाथएँ के घर घर पहुंचकर भाजपा सरकार के सुशासन राज में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लिया गया।

शासन की और विभिन्न योजनाओं किसान सम्मन निधि महतारी वंदना ,पीएम आवास घर पीएम आवास, सूर्य घर, स्वच्छ भारत मिशन शौचालय सहित कई योजनाओं को की जानकारी लोगों को दिया गया। क्षेत्र की जनता भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार और प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से बहुत खुश है। वही जनपद सदस्य चुम्मन साहू ने कहा गांव, गरीब और हर जरूरत मंद परिवार को लाभ पहुंचाना ही भाजपा सरकार का संकल्प है, सभी लाभाथएँ को मिल रहे योजना की लाभ के लिए मोदी सरकार और साय सरकार का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा मंडल अर्जुन्दा के खुरसुनी शक्ति केंद्र संयोजक डॉ पालेश्वर देशमुख, सह संयोजक हिंछा साहू, उपसरपंच खेलन दास साहू, मुरली मनोहर साहू उपस्थित थे।

## ग्राम मेड़की के मुक्तिधाम का होगा सौंदर्यीकरण, सरपंच ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम मेड़की के मुक्ति धाम जहाँ पहले यह स्थान उपेक्षित और सुनसान नजर आता था, अब मुक्ति धाम परिसर को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जा रहा है। साफ–सुथरी सड़क, हरियाली के लिए लगाए गए पौधे, और चारों ओर फैली शांति इस जगह को एक अलग ही गरिमा प्रदान कर रही है। स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि यह बदलाव न सिर्फ सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थान अब लोगों के मन में शांति का भाव भी पैदा करता है। मुक्ति धाम जैसे स्थान का इस तरह से विकसित होना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि यदि सामूहिक प्रयास और सही दिशा में काम किया जाए, तो किसी भी स्थान को नया स्वरूप दिया जा सकता है। ग्राम मेंड़की में सरपंच मंजूलता साहू ने अपने गृह ग्राम के मुक्तिधाम के निरीक्षण किया। इसमें उपसरपंच रामचंद्र यादव, पंच सुदामा साहू, रोशनी साहू, संतोष साहू, विश्वाकांत भारद्वाज, तेजराम साहू, ललित ठाकुर मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। जहां बेहतर पेयजल व्यवस्था, सौंदरीकरण, पौधारोपण, रंग रोगन बहुत जल्द होंगा।



## भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला कार्यसमिति घोषित







**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ट जिला संयोजक लखन लाल गुरूपंच, द्वारा जिला कार्य समिति की घोषणा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व प्रदेश संयोजक भाजपा सहकारिता प्रकोष्ट के निर्देशानुसार की गई। जिसमे सहसंयोजक सेवा सहकारी समिति पोण्डी मणिकांत बघेल, सेवा सहकारी समिति रजोली देवनारायण सिन्हा होंगे। मिडिया प्रभारी प्राथमिक समिति संबलपुर प्रकाशचंद जैन, सोशल मिडिया प्रभारी दुग्ध (डेयरी) सह समिति कमलेश गौतम, कार्यालय प्रभारी सेवा सहकारी समिति करहीभरदर चित्रसेन साहू, कार्यकारिणी सदस्य सेवा सहकारी समिति हल्दी हरदेव सार्वा, मतस्य सहकारी समिति अरमरीकला तिलक राम निशाद, प्राथमिक सहकारी समिति देवेन्द्र यदु, सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही बिरेन्द्र साहू, बुनकर सहकारी समिति हथौद मिश्री लाल साहू, कृषक हरी राम साठिया, सेवा सहकारी समिति बिसरू राम, वनोपज सहकारी समिति कुलवंत वैष्णव, दुग्ध डेयरी सहकारी समिति गोविंद राम साहू, प्राथमिक सहकारी समिति कोचवाही बाबू लाल सिन्हा, उपभोक्ता भंडार महेश माण्डे, प्राथमिक सहकारी समिति पिरीद चुनूराम साहू, मतस्य सहकारी समिति सिंगारपुर बालचंद निशाद, प्राथमिक सहकारी समिति खमतराई निरंजन साहू को बनाया गया है। जिले के सभी 122 समिति के प्राधिकृत अधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य होगे।

## आपसी विवाद के दौरान की गई मारपीट से युवक की मौत

**भिलाई/अंडा।** दुर्ग जिले के अण्डा थाना क्षेत्र से एक गंभीर वारदात सामने आई है, जहां मामूली आपसी विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार दोनों आरोपियों को महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। घटना 12 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे की है। ग्राम खाड़ा के स्कूल पारा में रहने वाले शम्भू निषाद उर्फ देवचरण, उम्र लगभग 45 वर्ष, अपने गांव आए हुए थे। इसी दौरान उनका गांव के ही संतोष कुमार यादव उम्र 44 वर्ष, और रोहित कुमार यादव उम्र 42 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर शम्भू निषाद के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी।

पेज 9 का शेष

### ओटेबंद सहकारी बैंक में ...

जल चुका है, बाकी डॉक्यूमेंट व लाकर पूरी तरह से सुरक्षित है। मैनेजर यादव ने बताया कि स्थिति सुधरते तक बैंकिंग कार्य व लेनदेन अभी चार दिवस तक बंद रहेगा, किसान अपने समीप के ब्रांच अंडा या गुण्डरदेही बैंक से लेनदेन कर सकते है। इधर केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु ने बताया कि किसानो को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके जिला केंद्रीय बैंक के सीईओ को जल्द व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए है।

### डोंडी क्षेत्र में ...

गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अवैध कटाई और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी डोंडी जीवनलाल ने बताया कि कोपेटरा में काटकर रखी गई लकड़ी राजस्व विभाग की भूमि से संबंधित है, जिस पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती, हालांकि लकड़ी का परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं तहसीलदार डोंडी देवेंद्र नेताम ने बताया कि ग्राम बम्हनी में अवैध कटाई कर परिवहन किए जाने की शिकायत पर लकड़ी को जब्त कर लिया गया है तथा कोपेटरा में काटे गए लकड़ी के ढेर की जानकारी मिलने पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों से क्षेत्र में लकड़ी तस्करी के संगठित नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### दल्लीराजहरा में केंद्रीय ...

लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, कृष्ण यादव, अनूप बामेश्वर और विजय नोन्हारे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। दल्लीराजहरा में केंद्रीय विद्यालय की मांग को लेकर अब जनदबाव और तेज होने की संभावना है, जिससे आने वाले समय में इस दिशा में ठोस पहल की उम्मीद बढ़ गई है।

### दुर्ग तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत जंजगिरी डैम की हालत

# जंजगिरी डैम की किसानों ने की पुनर्निर्माण व संवर्धन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत जंजगिरी में स्थित जंजगिरी डैम की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों और किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है। लगभग 35-40 वर्ष पूर्व किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए इस डैम की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है। डैम की चारदीवारी और बांध में दरारें आ गई हैं तथा कई स्थानों पर सीमेंट उखड़ने से नींव के पत्थर ढह गए हैं, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत जंजगिरी के पंच नरेंद्र देशमुख ने बताया कि जंजगिरी डैम की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर तक फैली हुई है, जिससे चिरपोटी, पाऊवारा, कातरों मातरो, देहान और रिसामा सहित चार-पांच गांवों के किसानों को सिंचाई और निस्तारी के लिए पानी मिलता रहा है। डैम के जर्जर होने के कारण अब पानी का पर्याप्त भराव नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- डैम की संवर्धन से 5/6 गांव के 0किसानों की मिल सकता है सिंचाईयुक्त पानी - पंच नरेंद्र देशमुख

उन्होंने बताया कि जंजगिरी गांव का लगभग 2000 हेक्टेयर, चिरपोटी का 2000 हेक्टेयर तथा रिसामा गांव का करीब 5000 हेक्टेयर क्षेत्र इस डैम पर निर्भर है। डैम की स्थिति खराब होने से हजारों किसानों की खेती प्रभावित हो रही है।



पंच नरेंद्र देशमुख ने बताया कि हाल ही में क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर के दौरे के दौरान डैम की चारदीवारी के सिमेंटिकरण एवं संवर्धन की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जिससे डैम की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। इस दौरान पंच परसराम ठाकुर, रघुवर देशमुख, हेमंत देशमुख सहित ग्रामीण आशीष देशमुख, यामनी देशमुख, पिंटू साहू और इंद्र कुमार ने भी शासन-प्रशासन से जंजगिरी डैम के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले समय में सिंचाई संकट और गहरा सकता है।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की जान बचाया, हुए सम्मानित

**भिलाई/पाटन।** एक तरफ जहां आत्महत्या के मामले समाज के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं, वहीं पाटन क्षेत्र से एक राहत भरी खबर सामने आई है। यहां कुछ जनप्रतिनिधियों की सतर्कता और त्वरित निर्णय ने एक युवक की जान बचा ली। इस सराहनीय कार्य के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया है। मामला 11 अप्रैल 2026 का है। थाना पाटन क्षेत्र के ग्राम खोरपा, वार्ड 14 निवासी 30 वर्षीय रवि ठाकुर ने सिकोला रोड किनारे बबूल की झाड़ियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्थिति को समझते हुए उन्होंने बिना देर किए युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतारा, रस्सी काटी और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से युवक की जान बच गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने योगेश निक्की भाले, निशा सोनी, केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर और चंद्र प्रकाश देवांगन को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

### पीलिया को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** सेक्टर-7 और आसपास की श्रमिक बस्तियों में पीलिया के बढ़ते मामलों को लेकर अब सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे प्रायोजित नरसंहार तक करार दिया है और महापौर व स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से इस्तीफे की मांग की है। कहा है कि सेक्टर-7 की सड़कों 37 और 38 के करीब 145 क्वार्टर पीलिया की चपेट में हैं। स्थिति को गंभीर बताते हुए उन्होंने दावा किया कि 25 से अधिक बच्चे संक्रमित हैं, जिनमें से कई अस्पतालों में भर्ती हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। शहर में आज भी जर्जर और पुरानी पाइपलाइनों से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं।

### 13 दिनों में 192 गुमशुदा लोग बरामद

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत दुर्ग पुलिस ने 13 दिनों में 192 गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित बरामद किया है। जानकारी के अनुसार यह अभियान 1 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलाया गया था। अभियान के दौरान बरामद किए गए लोगों में 5 बालक, 9 बालिकाएं, 127 महिलाएं और 51 पुरुष शामिल हैं। इन सभी को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया।

## निधन

### बद्रीदास निर्मोही

**बालोद/निकुम।** ग्राम देवसरा निवासी 82 वर्षीय शिक्षक बद्रीदास निर्मोही का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम देवसरा मुक्ति धाम में किया गया। वह फ़ागेश, टुकेश व चुनेंद्र निर्मोही के पिता थे।



**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराज शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह व जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) ने विक्रेता पुनीत राम पिता श्री रमेसर, सगाबाती पिता रमेशर जाति तेली साकिन संबलपुर तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद (छत्तीसगढ़) के मालिकाना हक व स्वामित्व में भूमि स्वामी हक की कासत्कारी भूमि खसरा नं 889/1 रकबा 0.30 हे. ग्राम संबलपुर ऋण पुस्तिका क्रं P0046500 एवं खसरा नं 457/3, 646/2 रकबा 0.10, 0.27 हे. रायपुरा ऋण पुस्तिका क्रं P0942334 इस प्रकार कुल खसरा नं 3 कुल रकबा 0.67 हे प.नं.ह.36 तह. डौंडीलोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ में स्थित हैं, जिसे मेरे पक्षकार के पास विक्रेता ने पक्का सौदा दिनांक 08-05-2025 को कर बयाने कि राशि प्राप्त कि हैं। सौदा शुदा भूमि का केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की औपचारिकतायें शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक- 13/04/2026

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ
ब्राह्मण पारा, गांधी चौक,
राजनांदगाँव पिन कोड नं 491441
मो: 9424126898

---

मांग

**आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं में कटौती का आरोप**

# 22 सूत्रीय मांगों पर सीटू का तीन दिनी धरना-प्रदर्शन, श्रमिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में खदान क्षेत्र के नियमित और ठेका श्रमिकों के अधिकारों को लेकर संघर्ष तेज हो गया है। सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध निर्णायक आंदोलन की शुरुआत कर दी है। 22 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित यह तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों के शामिल होने की संभावना है।

- खदान श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

धरना-प्रदर्शन का पहला दिन 15 अप्रैल को नगर प्रशासन कार्यालय के सामने, दूसरा दिन 16 अप्रैल को माइंस अस्पताल के सामने और अंतिम दिन 17 अप्रैल को माइंस कार्यालय राजहरा के पास आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस आंदोलन को लेकर क्षेत्र में श्रमिकों के बीच खासा उत्साह और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है।

सीटू का कहना है कि खदानों में लगातार घटते आयरन डिपॉजिट और सीमित संसाधनों के बावजूद श्रमिकों ने उत्पादन को बनाए रखा है, जिससे कंपनी को निरंतर लाभ हो रहा है। इसके बावजूद श्रमिकों को उनके परिश्रम का उचित प्रतिफल नहीं मिल रहा है। उल्टे प्रबंधन द्वारा आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं में कटौती की जा रही है, जिससे श्रमिकों और उनके परिवारों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है।




टाउनशिप की स्थिति को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आवासों की मरम्मत, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, जल आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था बदहाल बताई जा रही है। कई क्वार्टर जर्जर हालत में हैं, वहीं अवैध कब्जों और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्थिति और भी चिंताजनक बताई गई है। माइंस अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। मेडिसिन डॉक्टर तक उपलब्ध नहीं है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन और अन्य जरूरी कर्मचारियों की कमी ने स्वास्थ्य सेवाओं को लगभग ठप कर दिया है। भिलाई रेफरल पर लगी अघोषित रोक ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

ठेका श्रमिकों की समस्याएं भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बनी हुई हैं। उन्हें चिकित्सा सुविधा, ग्रेच्युटी, वेतन वृद्धि, अवकाश और अन्य श्रम अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। सीटू का आरोप है कि प्रबंधन ने पहले भी कई बार लिखित आश्वासन दिए, लेकिन आज तक उन पर अमल नहीं किया गया।

सीटू के एक पदाधिकारी ने कहा, श्रमिकों ने हर मुश्किल परिस्थिति में उत्पादन को बनाए रखा, लेकिन बदले में उन्हें सुविधाओं में कटौती और अनदेखी मिली। अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह आंदोलन श्रमिकों के सम्मान और अधिकार की लड़ाई है।

एक ठेका श्रमिक ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा, हम सालों से काम कर रहे हैं, लेकिन न तो स्थायित्व मिला, न ही मूलभूत सुविधाएं। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और रहने की व्यवस्था सब प्रभावित हो रही है। अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है।

वहीं प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि कंपनी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही है। कुछ मुद्दे नीतिगत स्तर के हैं, जिन पर उच्च स्तर पर निर्णय लिया जाना है। श्रमिकों के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी और समाधान निकालने का प्रयास जारी है।

इस आंदोलन को लेकर क्षेत्र के अन्य यूनियनों और सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। श्रमिक संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए इसे निर्णायक लड़ाई बताया है और सभी कर्मचारियों से इसमें भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

तीन दिवसीय यह आंदोलन आने वाले समय में श्रमिक-प्रबंधन संबंधों की दिशा तय कर सकता है। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो आंदोलन को और तेज करने के संकेत भी दिए गए हैं।

---

# गोण्डवाना गोंड़ महासभा के नए पदाधिकारियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा तहसील बालोद के नए पदाधिकारीयों का गठन श्री बड़ादेव शक्तिपीठ गंजपारा बालोद में किया गया। जिसमें फिरंता सिंह उईके को अध्यक्ष, गोपाल सिंह उईके को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व रेखराम सोरी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, चौनसिंह पडोटी को सचिव, दीनूराम कोमर्रा व दुर्गेश सिंह तारम को सहसचिव, सुरेश कुमार गंगराले को कोषाध्यक्ष व अंकेक्षक में हुसैन नेताम को मनोनयन किया गया है, साथ ही सोनसाय नेताम और रविन्द्र मंडावी को संरक्षक बनाया गया है।

- बड़ादेव शक्तिपीठ गंजपारा में संपन्न हुई बैठक

चूंकि छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा रुढ़ी प्रथा से संचालित है इस आधार पर चुनाव भी रुढ़ी प्रथा अनुसार हुई है। इस प्रथा अनुसार तहसील के अन्तर्गत सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष गण चयन समिति के सदस्य होते हैं, जिसमें सर्व रामचंद नेताम लाटाबोड़ परिक्षेत्र, बिरझू राम बालोद परिक्षेत्र, प्रेमलाल कोर्राम रेवती नवागांव परिक्षेत्र, राजेन्द्र छेदेया पापरा परिक्षेत्र, लखन नेताम सांकरा परिक्षेत्र, गोपाल कतलम लिमोरा परिक्षेत्र व धनसिंह नेताम गुजरा परिक्षेत्र चयन समिति में शामिल थे।

छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद के संरक्षण में चुनाव अधिकारी भोलाराम नेताम जिला उपाध्यक्ष व कृष्ण कुमार कोर्राम जिला महासचिव के द्वारा यह चुनाव सम्पन्न हुआ।

---

# प्राथमिक शाला गोडेला में पढ़ाई तिहार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा

शासकीय प्राथमिक शाला गोडेला, संकुल देवरी द में पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करना तथा अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद जोहन बंजारे, संतोष कुमार कुर्रे, पालक समिति से गणेशाराम जांगड़े, ढाल सिंह साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सक्रिय मातृ समुदाय एवं पूर्व स्मार्ट माताओं की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन–अर्चन के साथ की गई। शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित नौ काउंटरों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने समर कैंप गतिविधियों, घर–घर ओआरएस अभियान, हर घर ब्लैकबोर्ड एवं स्वच्छ यूनिफॉर्म मिशन जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक अभियानों पर भी प्रकाश डाला। नौ अलग–अलग काउंटरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी लेखन क्षमता, गणना कौशल और शैक्षिक उपलब्धियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस दौरान बालवाड़ी के नन्हे–मुन्ने बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट माता का चयन भी किया गया, जिसमें बालवाड़ी कक्षा के छात्र की माता चांदनी साहू को चुना गया। उन्हें क्राउन और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

- विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों का किया गया प्रदर्शन



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लेमिन साहू, पूर्व स्मार्ट माता जयंत्री यादव, परमिला साहू सहित एक्टिव मदर कम्यूनिटी की सदस्य कुमारी बाई, माहेश्वरी, केसर यादव, चुनेश्वरी, सेवती साहू, सुनीता बंजारे एवं संगीता बाई यादव उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानपाठक शोभाराम देवांगन द्वारा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। वहीं सफाईकमएँ रिखीराम बंजारे एवं टुमन मांडले का

---

# गोविन्द सिन्हा बने गुण्डरदेही तहसील सिन्हा समाज के मंडलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज तहसील गुण्डरदेही के मंडलेश्वर पद का निर्वाचन ग्राम सलौनी माहुद में सम्पन्न हुआ। सिन्हा समाज की इष्टदेवी माता बहादुर कलारिन व भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव के पूजा अर्चना के पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ हुआ।

तहसील निर्वाचन में मंडलेश्वर पद हेतु तीन प्रत्याशी गोविन्द सिन्हा कलँगपुर, पीताम्बर सिन्हा साँकरी व ओमप्रकाश सिन्हा सिर्राभाठा हल्दी मैदान में रहे। गुण्डरदेही तहसील के निर्वाचन में पहिली बार त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिला। जिसमें कलँगपुर निवासी गोविन्द सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पीताम्बर सिन्हा को 50 मतों के अंतर से पराजित करते हुए तहसील गुण्डरदेही सिन्हा समाज के मंडलेश्वर पद पर विजयी हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अश्वनी सिन्हा के द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित करने के पश्चात जिला संरक्षक ओमप्रकाश गजेंद्र ने नवनिर्वाचित मंडलेश्वर गोविन्द सिन्हा, सचिव रामनारायण सिन्हा, कोषाध्यक्ष रामनारायण सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष माधवी सिन्हा, सचिव पदमनी सिन्हा, कोषाध्यक्ष रेणुका सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष वरुण डड़सेना, सचिव खोमेश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष अनिल सिन्हा को पद की गोपनीयता व कर्तव्यनिष्ठा का शपथ दिलाया। निर्वाचन कार्यक्रम का आभार ग्राम सलौनी सिन्हा समाज अध्यक्ष दुष्यन्त सिन्हा ने किया।





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चमन सिन्हा, जिला सचिव चंद्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा, जिला मुख्य कोष निरीक्षक घनश्याम सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी अश्वनी सिन्हा, सह निर्वाचन अधिकारी रामस्वरूप सिन्हा, निर्वाचन सहयोगी रूपेंद्र सिन्हा, भुपेन्द्र सिन्हा, कलंगपुर सरपंच पुष्पा सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, अगेश्वर सिन्हा, तेजराम सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, लीलाधर सिन्हा, लोकमान्य सिन्हा, सोमन सिन्हा, लुकेश सिन्हा, गब्बर सिन्हा, लीला सिन्हा, खोमेंद्र सिन्हा, जनक सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, रवि गजेंद्र, प्रीतम सिन्हा, तोरण सिन्हा, दानीराम सिन्हा, भोलाराम सिन्हा, रेखलाल सिन्हा, बृजलाल सिन्हा सहित सिन्हा समाज गुण्डरदेही तहसील से सैकड़ों की संख्या में स्वजातीय उपस्थित थे।

---

# जल संरक्षण योजना के तहत रेंगाडबरी श्मशान घाट में वृक्षारोपण, मटका पद्धति से सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्मशान घाट परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम "निर चेतना अभियान" के तहत ग्राम पंचायत रेंगाडबरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पौधों को पानी देने के लिए मटका पद्धति अपनाई गई। इस पद्धति में मटकों के माध्यम से पौधों की जड़ों तक धीरे-धीरे पानी पहुंचता है, जिससे पानी की बर्बादी कम होती है और पौधों को लंबे समय तक नमी मिलती रहती है।




मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी के.के. नायक ने बताया कि जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। मटका पद्धति जल बचाने का प्रभावी उपाय है, जिससे पौधों का बेहतर विकास संभव होता है। इस अवसर पर सरपंच भावना जयेश जैन, जनपद सदस्य मानकी बाई पडोती, रोजगार सहायक महेन्द्र कुमार तुमरेकी, अरूणा मानिकपुर, तिलेश्वरी (सीएलएफ महिला समूह), मनरेगा कर्मी रेणुका सिंह सहित पंचगण, महिला समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत द्वारा श्मशान घाट को हरा-भरा बनाने और जल संरक्षण का संदेश देने की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की।

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री सूजान सिंह आ. आत्माराम जाति कंवर निवासी आरबीरा तह डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेता भीखम लाल आ. कार्तिक जाति हल्बा साकिन ग्राम झिटिया तह. मार्री बंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) के मालिकाना हक व स्वामित्व की कास्तकारी भूमि खसरा नं. 363, 574 रकबा क्रमशः 1.87 हे., 0.16 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 2.03 हे. ऋण पुस्तिका क्रं P2782883 ग्राम झिटिया प.ह.नं. 22 तह मार्री बंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) में स्थित भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याने कि बड़ी रकम दी गई हैं, सौदा शुदा भूमि का विक्रय पंजीयन मात्र शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

दिनांकः 13.04.2026

विनोद कुमार शुक्ला
(अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष, जिला
अधिवक्ता संघ राजनांदगाँव ब्राह्मण
पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव
पिन कोडः 491441
मो : 9424126898

---

# गायत्री साहू शिवांगी को समरस साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के कवित्री, मंच संचालिका एवं व्याख्याता गायत्री साहू शिवांगी को समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत द्वारा गांधीनगर गुजरात में आयोजित 11 वां राष्ट्रीय अधिवेशन में समरस साहित्य शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

इस अधिवेशन में देश के 18 राज्यों के लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर गायत्री साहू शिवांगी को अहमदाबाद स्थित एशिया के सबसे बड़े ब्लड बैंक में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों हेतु पति पूर्णानंद साहू सहित रक्तदान करने पर समरस संस्था द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अधिवेशन में समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत द्वारा संकलित काव्य संकलन प्रेम पुष्प भाग 2 का विमोचन किया गया, जिसमें गायत्री साहू शिवांगी की रचना माता–पिता की छाया और पशुओं की व्यथा को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। गुजरात अधिवेशन में छत्तीसगढ़ से डॉक्टर गजेंद्र हरिहरणों दीप राजनांदगांव, अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य बालोद, हर्षा देवांगन डोंडिलोहारा, डॉक्टर माधवी गणवीर डोंगरगांव, रोहिणी पटेल डोंगरगांव, हरिप्रकाश गुप्ता सरल भिलाई, ममता यादव रायपुर सम्मिलित हुए थे। गायत्री साहू शिवांगी की उक्त उपलब्धि हेतु जिले के सभी साहित्यकारों सहित छत्तीसगढ़ राज्य के सभी साहित्यकारों और कवियों ने हर्श व्यक्त किया।



---

# पढ़ाई तिहार का सफल आयोजन स्मार्ट माता का किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

शासन के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला गोडेला, संकुल देवरी द , जिला बालोद में पढ़ाई तिहार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद आदरणीय जोहन बंजारे, संतोष कुमार कुर्रे, पालक समिति से गणेशाराम जांगड़े, ढाल सिंह साहू सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही सक्रिय मातृ समुदाय एवं पूर्व स्मार्ट माताओं की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से समृद्ध बनाया।

- पढ़ाई तिहार का सफल आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ की गई। तत्पश्चात शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत स्थापित नौ काउंटरों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने समर कैंप में आयोजित होने वाली गतिविधियों, घर-घर ओआरएस अभियान, हर घर ब्लैकबोर्ड एवं स्वच्छ यूनिफॉर्म मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। नौ विभिन्न काउंटरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षिक उपलब्धियों, लेखन क्षमता एवं गणना कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया।



इस अवसर पर बालवाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहा। ग्राम के पालक समुदाय एवं उपस्थित शिक्षाविदों द्वारा कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शासन की इस पहल की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्ट माता का चयन भी किया गया, जिसमें बालवाड़ी कक्षा के छात्र की माता चांदनी साहू को चयनित कर क्राउन बैच पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लेमिन साहू, पूर्व स्मार्ट माता जयंत्री यादव, परमिला साहू व एक्टिव मदर कम्यूनिटी के सदस्य कुमारी बाई, माहेश्वरी, केसर यादव, चुनेश्वरी, सेवती साहू, सुनीता बंजारे एवं संगीता बाई यादव की सक्रिय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में शासकीय प्राथमिक शाला गोडेला के प्रधानपाठक शोभाराम देवांगन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सफाईकर्मी रिखीराम बंजारे एवं टुमन मांडले का सराहनीय सहयोग रहा। इस प्रकार पढ़ाई तिहार कार्यक्रम ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राजकुमारी व गंगा को दी गई भावभीनी विदाई

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाटाबोड़ के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक राजकुमारी भारती व गंगा साहू को सम्मान विदाई देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवार्षिकी पूर्ण कर रहे दोनों प्रधानपाठक व अध्यक्षता संस्था प्राचार्य एफ आर कोसरिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य टी आर कोमिया, क्यामल साहू, संध्या साहू, अरुनेश्वर हिरवानी अध्यक्ष शाला विकास एवं जन भागीदारी समिति, उत्तम साहू विधायक प्रतिनिधि, तेज प्रकाश मंडावी सरपंच लाटाबोड़, हरिश्चंद्र ठाकुर शिक्षाविद एच सी साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, समस्त रसोईया व प्राथमिक शाला अरौद स्टाफ टिकेश्वरी सिन्हा एवं रूपा राजपूत प्राथमिक शाला परसोदा उपस्थित थे। मंच संचालन संकुल समन्वयक लोमस साहू व वरिष्ठ व्याख्याता सी एल सिन्हा ने की इस अवसर पर समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### पलारी में विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण आज

**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी मे 4 करोड़ 1 लाख 20 हजार रूपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 15 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बाजार चौक पलारी में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अरूण साव वर्चुअल जुडेंगे। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। अध्यक्षता सांसद कांकेर लोकसभा भोजरात नाग करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक संगीता सिन्हा, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, पूर्व विधायक संजारी बालोद कुमारी मदन साहू, पूर्व अध्यक्ष छ.ग. राज्य बाल संरक्षण आयोग प्रदेश महामंत्री भाजपा छ.ग. यशवंत जैन, पूर्व विधायक संजारी प्रीतम साहू, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाईड एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष भाजपा सनौद खेमलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे।

### न्योता भोज कराया



**गुण्डरदेही।** कसौंदा प्राथमिक स्कूल के शिक्षक टीआर चंद्राकर द्वारा अपने जन्मदिन पर शाला के समस्त बच्चों को न्योता भोज कराया गया। नेवता भोज मे केला, अंगूर व जलेबी परोसा गया।

## जयंती

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

# भाजपा मंडल सनौद ने मनाई अंबेडकर जयंती स्वच्छता अभियान चलाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल सनौद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं स्वच्छता अभियान के तहत भिराई मे साफ सफाई किया गया व बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यकगम मे उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। साथ मे भिराई ग्राम मे निवासरत वरिष्ठजनो का श्रीफल, गमछा भेंट कर सम्मान किया गया।

भाजपा के स्वच्छता अभियान के बाद ग्राम के प्रमुख चौक मे स्थित नाली मे जाम पानी बहने लगा व ग्रामीणों को बदबुदार गंदगी से भरे सार्वजिनक मंच चौक से मुक्ति मिली। वहां सफाई अभियान के बाद दा गाड़ी कचार निकाला जिसे पंचायत के कचरा वाहन मे डाला गया। भाजपा मंडल सनौद द्वारा इस अवसर पर अंतिम व्यक्ति तक विकास और सम्मान पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू, सभापति जिला पंचायत तेजराम साहू, सहकारिता प्रकोष्ट जिला संयोजक लखन गुरुपंच, सभापति जिला पंचायत लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत नरेश साहू, मंडल महामंत्री ढंगु हिरवानी, मण्डल महामंत्री ललित गजेंद्र, कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम देवदास, मण्डल उपाध्यक्ष नीता साहू, अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल मितेश साहू, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल भोला वैका, सभापति जनपद पंचायत हरिकृष्ण गंजीर, जनपद पंचायत सदस्य गुलाब सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य झालेन्द्र साहू, जनपद पंचायत सदस्य आशीष साहू, महामंत्री जिला किसान मोर्चा संतोष गंगबेर, जिला सह– कोषाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा मनहरण ठाकुर, कोषाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा अशोक साहू, सरपंच सनत सिन्हा, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





### कनेरी में भाजपा मंडल ने स्वच्छता अभियान के साथ मनाई अंबेडकर जयंती



**गुरूर।** भाजपा मिरएँटोला पुरूर द्वारा ग्राम कनेरी स्थित डां भीमराव अम्बेडकर जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सभी वक्ताओं द्वारा अम्बेडकर जीवनी एवं उनके आदर्शों पर क्रमशः अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बातों को रखा। ग्राम के वरिष्ठ वृद्ध नागरिकों का तिलक लगाकर एवं गमछा, श्रीफल से सम्मान किया। 14 अप्रैल को भारत रत्न डां भीमराव अम्बेडकर जयंती पर भाजपा मंडल मिरएँटोला पुरूर द्वारा कनेरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात अम्बेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा–अर्चना कर धूमधाम से मनाया अम्बेडकर जयंती।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, सभापति जिला पंचायत बालोद तेज राम साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, महामंत्री यदीप गोल्डी साहू, मंडल उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन सिन्हा, दिनेशवरी सिन्हा, संजय साहू, यालेश साहू, शैलेन्द्र सिंह सोरी, रेणुका गजेन्द्र, तोषण मरकाम, इन्द्रसेन गजेन्द्र, धर्मेन्द्र साहू, तेज राम साहू सहित कार्यकर्ता बंधु गण उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल गुण्डरदेही ने समरसता दिवस के रूप में मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही के द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता केशव राम साहू ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार बाबा साहब के बने कानून से हमें प्राप्त होता है, देश में समानता स्थापित करने में उनके अमूल्य योगदान है। मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय ने कहा कि भारतीय जनता पाटएँ उंच नीच, जाति, पाति की दीवार को तोड़कर समस्त मानव समाज के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है, जो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार की प्रेरणा है, इसी कारण पार्टी इसे समरसता दिवस के रूप में मानती है। इस अवसर पर महामंत्री विनोद चंद्राकर, शैल महोबिया, भूषण साहू, संतोष नेताम, तेजराम साहू, दयाराम सिन्हा, रवि देवांगन, सनत कुमार, अशोक महोबिया कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गब्दी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**जामगांव आर।** डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती गब्दी में मंगलवार को आयोजित हुआ। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि दरबारमोखली भाजपा मंडल मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा थे। अध्यक्षता सरपंच संगीता शर्मा ने किया। अतिथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा ने कहा 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के माहू में जन्मे डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर कष्ट साध्य जीवन जीते हुए दूर दृष्टी के साथ देश को ऐसा संविधान दिया कि देश का हर नागरिक उन्मुक्त जीवन जी सके। देश की मुख्यधारा में गरीबों को पिछड़े दलित को लाने के लिए विभिन्न कानून बनाए जिसका असर समाज के विभिन्न पदों पर आसीन लोग दिखते है। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी तथा लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी संस्थाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त किया। विकास में शिक्षा के योगदान को समझा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत गब्दी सरपंच संगीता शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के दबे कुचले वर्गों महिलाओ एवं श्रमिको के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा समानता व स्वतंत्रता और बंधुत्व की वकालत की उन्होंने हमें यह मंत्र दिया शिक्षित बनो संगठित रहो मेहनत करो और जीवन को सार्थक बनाओ।

**ये रहे उपस्थित :** समारोह में उपसरपंच गब्दी ईश्वर लाल यादव, जागेश्वर यादव, कुलेश्वर यादव, सरिता कुंजम, नंदनी साहू, राजकुमारी साहू, शमीनसेन, बिझोंबाई ठाकुर, रत्ना बाई, पद्मा बाई, तोरण कुंजम, बिरेन्द्र नेताम, राजकुमार चेलक, कविता चेलक, राघवेन्द्र शर्मा, नीलकंठ यादव, धनेश्वर साहू, हेमेन्द्र धुरव, ओमेन्द्र निर्मल, पन्ना लाल यादव, लाला राम उपस्थित थे।

### छेड़िया में विधायक संगीता ने डॉ. अंबेडकर को किया नमन




**गुरूर।** भारतीय संविधान के वास्तुकार, शोषित–वंचित वर्ग की मुखर आवाज भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छेड़िया के प्रांगण में बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर विधायक ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर विचार समानता सामाजिक न्याय, शिक्षा और मानवीय गरिमा पर केंद्रित थे, वे जाती उन्मूलन महिला शसक्तीकरण और संवैधानिक अधिकारों के प्रबल समर्थक थे उनका मानना था कि शिक्षा ही सामाजिक बुराइयों से लड़ने का शक्तिशाली हथियार है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राज श्री क्षत्रिय, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवान, युवा नेता हिमांशु लावत्रे सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डौंडीलोहारा मंडल ने मनाई अंबेडकर जयंती



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों एवं मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सेवा कार्य को समाज के प्रति जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। **ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, एकलव्य महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, हेमलाल देसलहरा, रतन भोसले, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डोमेंद्र देशमुख, पार्षद वीर सिंह ठाकुर, सुरेश देवांगन, धर्मेंद्र निषाद, तुकाराम साहू, धीरज जैन, धीरेंद्र टॉक, देव देवांगन, प्रकाश जैन, कमलेश जैन, अजय बाफना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक संदीप भंसाली, अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, मंडल डौंडीलोहारा रहे।



### शहर भाजपा ने मनाई अंबेडकर जयंती



**बालोद।** भाजपा शहर मंडल द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा एवं उसके पालन की शपथ भी ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन एवं उनके द्वारा समाज के दलित, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में प्रेरित करते हैं।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार, शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला मंत्री निशा योगी सहित मंडल के पदाधिकारी कमलेश गौतम, संदीप सिन्हा, गोकुल ठाकुर, लक्ष्मी साहू, टिक्कू साहू उपस्थित रहे। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पिंटू सारथी, महामंत्री घासुराम गंधर्व, मनोज मालेकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रतिमा यादव, महामंत्री दीप्ति यादव, पार्षद प्रीतम यादव, सुनीता मनहर, पुष्पा साहू, श्यामा यादव, जय राम निर्मलकर, वरिष्ठ भाजपा नेता मधु कांत यादव, जोगेंद्र योगी, कुलेश यादव, राजेंद्र कानेकर, जागेश्वर ढीमर, दिनेश देवांगन, भुनेश्वर यादव, छबि सार्वा, प्रीति साहू, संतोष शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही बौद्ध महासभा के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई बाबा साहेब अंबेडकर जयंती, नेताओं ने किया नमन



**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में भारतीय संविधान के वास्तुकार, भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके द्वारा मानव समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों की नींव रखी। उन्होंने हमे सिखाया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, उनके दिए हुए अधिकारों से ही आज मानव समाज विकसित राष्ट्र की कल्पना कर रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि बाबा साहेब मानते थे कि शिक्षा ही वह हथियार है जो जाति की जंजीरों को तोड़ सकता है, उन्होंने दलितों, महिलाओं और समाज के वंचित तबके को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज हम देश के नागरिक के रूप में अपने अधिकारों का आनंद ले रहे हैं, तो हमें बाबा साहेब के योगदान को याद रखना चाहिए, उनके विचारों का पालन करते हुए एक बेहतर भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष बबलू साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजश्री क्षत्रीय, ब्लॉक सचिव तुलेश सिन्हा, जमील खान, मनोज सिन्हा, छाया नगर पंचायत अध्यक्ष गोलू साहू, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश देवान, युवा नेता हिमांशु लावत्रे, जीधन सिन्हा, संयुक्त कार्यकारिणी सदस्य लाल खान, संयुक्त महामंत्री मोहम्मद खान, पूर्व जनपद सदस्य रिखी राम साहू, धानापुरी सरपंच खोमन सिन्हा, सेक्टर प्रभारी यादेश्वर क्षत्रिय संयुक्त सचिव जकी अहमद, परमेश्वर कुमार,सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाबा साहेब अम्बेडर की जयंती मनाई

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत कुम्हली में संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडर की जयंती पर नमन वंदन करते हुए तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार, सोहन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा, सचिव अरुण कुमार निर्मल, कंप्यूटर ऑपरेटर पेमन साहू उपस्थित थे।



## अरमूरकसा में 10 लाख की पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी

ग्राम पंचायत अरमूरकसा में दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, सरपंच हलधर गोरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीणों द्वारा जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ स्वागत से हुई। इसके बाद अतिथियों को ग्राम पंचायत से भूमिपूजन स्थल तक ले जाया गया, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया। सरपंच हलधर गोरे ने स्वागत भाषण में कहा कि यह पुलिया वर्षों पुरानी मांग थी, जो आज जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस के अथक प्रयास से पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के समक्ष रखा गया था, जिस पर उन्होंने बिना देरी किए 10 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई। उन्होंने इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए आगे भी सहयोग की अपेक्षा जताई। मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने कहा कि ग्रामीणों ने जनपद सदस्य के रूप में मंजू बैंस को नहीं, बल्कि विकास को चुना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी विकास की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। पुलिया निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा नेता पुष्पजीत बैंस, कमलकांत साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन साहू, अनुसूचित मोर्चा के पूरण कृपाल, भाजपा महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, प्रदेश झुग्गी-झोपड़ी संयोजक हितेश डोंगरे, उपसरपंच ओमप्रकाश सहित पंचगण, महिला प्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411